खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोहगांव में वृक्षारोपण



**मण्डला।** 5 जून इंटरनेशनल एनवायरनमेंट डे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद शिक्षा समिति पदेन अध्यक्ष श्री शिव कुमार मिश्रा माननीय अड्डू भैया जी जनपद पंचायत मोहगांव जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 जिला पंचायत सदस्य एवं जिला शिक्षा समिति सदस्य श्री शिवकुमार पूषाम माननीय सांसद प्रतिनिधि श्री महेंद्र मरकाम माननीय जनपद सदस्य संस्था एवं संकुल प्रभारी प्राचार्य दीपक कछवाहा श्री चंद्रपाल सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती सरिता धुर्वे श्री रामनाथ मरावी श्री कृष्ण कुमार बकाले श्री गजेंद्र धुर्वे सुमंत कुमार मरकाम अमित कुमार भारतीया श्रीमती शांति तिलगांम श्री योगेश्वर मसराम श्री जितेंद्र कुमार झारिया अतिथि शिक्षक श्री अशोक कुमार अग्रवाल मीडिया प्रतिनिधि एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं अतिथि शिक्षकों के द्वारा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।

### ढीमर मांझी समाज की बैठक आज

**मण्डला।** ढीमर मांझी समाज की बैठक आज दोपहर 12 बजे से निषाद राज भवन में आयोजित की गई हैं। इस बैठक में संचालक मंडल का गठन किया जायेंगा। साथ ही जिला अध्यक्ष का चुनाव सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की गई है।

## नारे नहीं, जीवनशैली बदलो तो धरती भी मुस्कुराए

# पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बना 'हरित आशियाना'

*** 65,000 लीटर क्षमता का भूमिगत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जहां विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देशभर में जागरूकता अभियान और भाषणों की भरमार रहती है, वहीं मध्यप्रदेश के मंडला जिले के महाराजपुर निवासी पूर्व वन अधिकारी तारेंद्र कुमार तिवारी ने अपने घर को पर्यावरण के अनुकूल बनाकर एक सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका 'हरित आशियाना' न केवल ऊर्जा और जल संरक्षण की उत्कृष्ट मिसाल है, बल्कि यह टिकाऊ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा भी देता है।



### प्राकृतिक रोशनी और ऊर्जा दक्षता का अनूठा संयोजन

करीब 6000 वर्गफुट क्षेत्रफल में बने इस घर का निर्माण केवल 1500 वर्गफुट में किया गया है, जिससे शेष स्थान हरियाली और खुली हवा के लिए सुरक्षित रखा गया है। घर की डिजाइन इस तरह से की गई है कि दिनभर प्राकृतिक रोशनी बनी रहती है बड़ी खिड़कियाँ, रोशनदान और सफेद दीवारें इसके प्रमुख घटक हैं। सभी पंखे BLDC तकनीक पर आधारित हैं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की ऊर्जा रेटिंग 5-स्टार है। यही कारण है कि पूरे घर की मासिक बिजली खपत 100 यूनिट से कम रहती है।

### सौर ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रभावी कदम

घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगा हुआ है, जो न केवल घर की ऊर्जा ज़रूरतें पूरी करता है, बल्कि अतिरिक्त बिजली MPEB को भी लौटाई जाती है। सोलर वॉटर हीटर से गर्म पानी की आवश्यकता पूरी होती है। खास बात यह है कि तिवारी जी ने घर में अनाज पीसने की चक्की और तेल निकालने की मशीन भी स्थापित की है, जिससे घरेलू स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है।

### जल संरक्षण की अनुकरणीय व्यवस्था-

इस घर की सबसे उल्लेखनीय विशेषता है 65,000 लीटर क्षमता का भूमिगत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम। वर्षा जल को फिल्टर कर टैंक में संग्रहित किया जाता है और यह पानी साल भर पीने योग्य होता है जिसकी पुष्टि जल परीक्षण से भी हो चुकी है। अतिरिक्त वर्षाजल को बगीचे में भेजा जाता है, जिससे भूजल स्तर रिचार्ज होता है। परिणामस्वरूप, घर की बोरिंग केवल 27 फीट गहराई की है, और मात्र 9 फीट पर ही पानी उपलब्ध हो जाता है जो जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों के लिए अनुकरणीय है।



### जैविक खेती और हरियाली से जुड़ा जीवन

घर के पीछे विकसित बगीचे में आम, अनार, केला, पालक, मिर्च और अन्य कई फल-सब्जियाँ जैविक तरीके से उगाई जाती हैं। रसोई से निकलने वाले कचरे से खाद बनाई जाती है, और वर्मी कम्पोस्टिंग के जरिए मिट्टी की उर्वरता बनाए रखी जाती है। यह न केवल पर्यावरण हितैषी खेती का उदाहरण है, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली की ओर भी एक सार्थक कदम है।

### तारेंद्र तिवारी का संदेश

धरती केवल हमारा निवास नहीं, हमारी मां है। इसका संरक्षण हमारा धर्म और कर्तव्य दोनों है। पर्यावरण की रक्षा भाषणों से नहीं, छोटे-छोटे प्रयासों से होती है। अगर हम चाहें, तो अपने घर से ही क्रांति की शुरुआत कर सकते हैं बस ज़रूरत है सोच बदलने की, जीवनशैली में हरियाली शामिल करने की।

यह 'हरित आशियाना' केवल एक घर नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन है। यह एक संदेश है कि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर भी एक आधुनिक और आत्मनिर्भर जीवन जिया जा सकता है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी बिछिया के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों द्वारा बिछिया के वार्ड क्रमांक 01 में वृक्षारोपण का अभियान चलाया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में कई प्रकार के फलदार, छायादार और जीवन के लिए लाभदायक औषधीय वृक्षों का रोपण किया गया और उन्हें सुरक्षित करने हेतु ट्री गार्ड की भी व्यवस्था की गई। इसके पश्चात नगर में अलग अलग जगहों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर जन सामान्य के बीच जागरूकता हेतु संदेश भी दिया गया। भाजपा मंडल बिछिया के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को मिल रहे लाभ और विकास यात्रा में लगातार आगे बढ़ रहे देश के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 विशेष जीवनदायी पौधों का रोपण किया गया और समाज को प्रकृति से जुड़कर रहने के साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु जागरूक किया गया । ओर सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवराज शाह, मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, नप अध्यक्ष रजनी मरावी, जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, वरिष्ठ पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय पुरी गोस्वामी, वरिष्ठ भाजपा नेता चंदू झरिया, मंडल उपाध्यक्ष दीपक कटारे, कार्यक्रम प्रभारी मिंटू ठाकुर, प्रकाश साहू, चंद्रकांत शर्मा,दीपक पांडे, लड्डू राय, विकास पिपरसनियां, शोभित रावत, मुकेश श्रीवास सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जिन पूजन संसार रूपी नदी को पार करने ने नाव की तरह सहायक



**मण्डला।** श्री श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में आयोजित सम्यक ज्ञान शिक्षण प्रशिक्षण शिविर श्री शांतिनाथ मंदिर जी में चल रहा है। बच्चों ने प्रातः काल में जिनेंद्र भगवान की पूजन की। पूजन के समय पूजन के महत्व बताते हुए विद्वत संयम भैया ने कहा कि कर्मों की निर्जरा में पूजन बहुत महत्वपूर्ण है। जिनेंद्र भगवान की पूजन निद्धत्ति निकाचित कर्मों का नाश होता है। प्रातः कालीन श्रावकाचार की कक्षा में विद्वत सक्षम भैया ने बताया कि जैन मुनिराज समस्त प्रकार के परिग्रह के त्यागी व सदैव तप ने लीन रहते है। हमें भी परिग्रह त्याग कर धर्म में अग्रसर होना चाहिए।

## संगम घाट में स्वच्छता अभियान अंतर्गत की गई चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मंडला ने बताया कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर पालिका परिषद मंडला के द्वारा रपटा घाट में सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथीन, डिस्पोजल का उपयोग एवं भंडारण न करने की समझाईश दी गई। साथ ही कपड़े से बने थैले नर्मदा तट पर स्नान करने आये श्रद्धालुओं को वितरित किये गये है एवं नर्मदा जी के तट के किनारे एवं संगम घाट में स्थित बाबड़ी (जल कुण्ड) में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूजा-पाठ से निकली निर्माल्य सामग्री अभियान लगाकर निकाली गई एवं चालानी कार्यवाही की गई जिसमें 1300 रूपये के चालान काटे गये। विनोद कछवाहा अध्यक्ष न.पा.परि. मंडला एवं समाज सेवी श्रीमति सरिता अग्निहोत्री एवं एनजीओ की टीम के साथ नेहरू गार्डन में वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। विनोद कछवाहा अध्यक्ष न. पा. परि. मंडला के द्वारा आम लोगों से अपील की गई है कि बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें व अपने घरों के आस-पास वृक्षारोपण करके पर्यावरण के संतुलन बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

## मण्डला पुलिस एवं प्रशासन द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



आगामी बकरीद पर्व एवं भीड़-भाड़ को दृष्टिगत रखते हुए मंडला पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नगर में कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने एवं आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने हेतु फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

यह फ्लैग मार्च दिनांक 05 जून 2025 को सायं 5:30 बजे थाना कोतवाली परिसर से प्रारंभ होकर रेड्र क्रास, मुख्य बाजार, जेल घाट, कचहरी मोहल्ला, उदय चौक, बुधवारी, इलाही चौक, पड़ाव, चिलमन चौक, बस स्टैंड, लालिपुर चौक सहित अन्य प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होता हुआ पुनः थाना कोतवाली में संपन्न हुआ।फ्लैग मार्च में अपर कलेक्टर मंडला श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला श्री शिव कुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी श्री पीयूष मिश्रा, रक्षित निरीक्षक सुनील नागवंशी, यातायात प्रभारी निरीक्षक ललित धुर्वे तथा थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, सुबेदार, उप निरीक्षक सहित पुलिस लाईन व थाना का अधिकाधिक बल सम्मिलित रहे।



फ्लैग मार्च का उद्देश्य आगामी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर निगरानी तथा प्रमुख बाजार क्षेत्रों एवं स्थानों पर पुलिस उपस्थिति दर्ज कराना रहा। इससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव एवं पुलिस की तत्परता का संदेश, कानून व्यवस्था को बनाए रखने और आमजन में विश्वास की भावना सुदृढ़ करना हैं।

**गठन** | **अध्यक्ष बने अनिल वीरानी, महासचिव बने नीतेश हनी अग्रवाल।**

# लघु उद्योग भारती के मंडला ईकाई का हुआ गठन

*** झंकार भवन में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



गुरूवार को लघु उद्योग भारती मंडला ईकाई का गठन कार्यक्रम का आयोजन झंकार भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके उपस्थित रही। वहीं अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, हरि सिंह भदौरिया महासचिव महाकौशल अंचल, प्रदेश महामंत्री अरूण सोनी, मनीष सिंह संयुक्त सचिव महाकौशल अंचल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यवाहक संतोष कोष्ठा मंचासीन रहे। कार्यक्रम में हरि सिंह भदौरिया महासचिव महाकौशल अंचल ने लघु उद्योग भारती के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पूरे भारत में 31 वर्षो से लघु उद्योग भारती काम करते आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत के 600 जिलों में ईकाई का गठन किया जा चुका है इसी कड़ी में गुरूवार को मंडला गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद में उद्योगपति अनिल वीरानी नियुक्त किए गए जिनका पुष्पमाला से स्वागत किया गया। वहीं महासचिव-नीतेश (हनी) अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पमनानी, विनीत जैन, आशीष अग्रवाल, संयुक्त सचिव कन्हैया नंदा, सहसचिव इशू गुप्ता उदयपुर, अनुपम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शैलेश खंडेलवाल, सह-कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल (सीए), कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश जायसवाल, सुशील पमनानी, दिनेश पोपटानी, रीतेश अग्रवाल, गिरीश चंदानी, प्रशांत अग्रवाल की नियुक्ति करते हुए घोषणा की गई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। वहीं उपस्थित अतिथियों का स्मृति चिन्ह से स्वागत किय गया। वहीं आभार प्रदर्शन नितेश अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का लघु उद्योग भारती का विजन मिशन स्वरोजगार के साथ उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के समय सतत विकास के परिणामस्वरूप देश का सतत विकास होगा। उद्योग को एक परिवार के रूप में संचालित करना जिसमें मालिक, कर्मचारी, ग्राहक और आपूर्तिकर्ता इस परिवार के सदस्य होंगे। लाभकारी रोजगार को बढ़ावा देना ताकि प्रत्येक व्यक्ति को सभ्य जीवन स्तर मिल सके प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ गुणवत्ता में उत्पादकता में निरंतर वृद्धि बनाए रखना सूक्ष्म एवं लघु उद्योग में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना सूक्ष्म एवं लघु उद्योग में अनुसंधान एवं विकास गतिविधि को प्रोत्साहित करना उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है सब्सिडी सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से लघु उद्योगों को बढ़ावा देते हुए रोजगार के अवसर खोल रही हैं। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से संचालित करना आर्थिक असंतुलन का मुकाबला करने के लिए अनुषंगीकरण, क्लस्टर निर्माण के माध्यम से विनिर्माण गतिविधि का विकेंद्रीकरण अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता प्राप्त करने के लिए कौशल विकास के माध्यम से मानव संसाधनों की क्षमता निर्माण को बढ़ाना लघु उद्योग भारती के उद्देश्य लघु उद्योग भारती लघु उद्योगों को निम्नानुसार सहायता प्रदान करती है।

## पत्रकार परिषद के पदाधिकारी पहुंचे मंडला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



बीते दिनों राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी एवं निर्माण समिति के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कामले का मण्डला आगमन हुआ। पदाधिकारियों का रेस्टहाउस में स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून की अधिकांश प्रक्रिया सरकार के द्वारा पूरी की जा चूकी है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस प्रक्रियाओं को अतिंम रूप दिया था। लेकिन चुनावी पेंच में यह कानून लागू न हो सका और अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस पर कब निर्णय लेगें। अगर शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं हुआ तो पूरे देश में आंदोलन चलाया जायेगा। वहीं राष्ट्रीय संयोजक श्री बाजपेयी ने कहा कि मध्यप्रदेश में मण्डला इकाई सर्वश्रेष्ठ इकाई मानी जाती है। जिलाध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया साथ ही समाज कल्याण प्रकोष्ट में चार नवीन सदस्यों की नियुक्ति की गई यहां पर श्रीमति दीप्ती नरोलिया, समाजसेवी किशोर रजक, किशोरी लाल साहू, मंयक जोध ने समाज कल्याण प्रकोष्ट की सदस्यता ली है। वहीं परिषद के पदाधिकारी शोक संवेदना व्यक्त करने वरिष्ठ पत्रकार सुनील दुबे अन्ना महाराज के यहां पहुंचे और उनके पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये छायाचित्र पर माल्यापर्ण किया वहीं वरिष्ठ पत्रकार आरएस यादव के निधन हो जाने पर शोकाकुल परिवार से मिलकर दुख व्यक्त किया इसी के साथ बिछिया के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र रावत के निधन हो जाने पर उनके पुत्र सोवित रावत से भेंट कर दुख व्यक्त किया है वही समाज कल्याण प्रकोष्ठ के मण्डला जिलाध्यक्ष कैलाश डहेरिया की बुआ के निधन होने जाने शोक संवेदना व्यक्त करने उनके घर पहुंचे और शोककुल परिवार से मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, हनुमान तिवारी, कैलाश डहेरिया, दीपक कछवाहा, आकाश रघुवंशी, श्रीमति उमा यादव, श्रीमति दीप्ति नरोलिया, श्रीमति सीता परतेती, किशोर रजक, अनमोल अग्रवाल, सकिर खान, विजय अग्रवाल, दीपक तिवारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## मुख्य मार्गों के किनारे लगे हुये पेड़ों को आग लगाते हुये गिराये जाने से बढ़ रहा खतरा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राष्ट्रीय स्तर के मार्गो के किनारे लगे हुये पेड़ों को लोगों द्वारा उनके बीच आग लगाते हुये खोखला करते हुये गिराये जाने के चलते आम लोगों के लिये खतरा बनने से नही चूक रहा है, इस बात की सच्चाई बीते दिवस गाडरवारा करेली मार्ग पर ग्राम बम्हौरी के पास उस समय देखने मिली जब एक भारी भरकम पेड़ मुख्य मार्ग पर गिर जाने के कारण इस मार्ग की यातायात व्यवस्था काफी समय तक प्रभावित होते हुये देखी गई। बताया जाता है कि तत्वों द्वारा इन पेड़ो के बीच में आग रखते हुये जला दिया जाता है जिसके चलते पेड़ों का मुख्य तना कमजोर हो जाने के कारण पेड़ गिर जाते है, इस स्थिति के चलते कभी कभी यह स्थिति रहती है कि आग से जल जाने के कारण काफी समय तक यह पेड़ खड़ा रहता है, जिसके चलते मार्ग से निकनले वाले लोगों के लिये खतरा बनने से भी नही चूकता है। क्योंकि आग से जलने के बाद इस प्रकार से पेड़ के खड़े रहने के कारण जरा भी हवा चलते हुये पेड़ गिरने की स्थिति में आ जाता है इस दौरान यदि मार्ग से कोई वाहन निकल रहा हो तो वह उसकी चपेट में आने से भी नही बच पाता है, मगर इस सच्चाई को जिम्मेदारों द्वारा नजर अंदाज किये जाने के कारण पेड़ो को आग के हवाले करने वालों के हौसले जहां बुलंद नजर आ रहे है वही दूसरी ओर आम लोगों के जीवन के लिये खतरा बनने से भी नही चूक पा रहा है।

## मादक पदार्थों के सौदागरों द्वारा युवाओं को लेकर लत का शिकार बनाने का किया जा रहा प्रयास..?

गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर की पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही नही कर रही है..? पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये इस अवैध कारोबार में लिप्त रहने वाले लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने के बाद भी मादक पदार्थ के अवैध कारोबार पर अंकुश लगने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस नशीले जहर के सौदागरों द्वारा अपना धंधा चमकाने की नियत से इस तरह के सेन्टरों पर अपनी आमद देते हुये देखे जा रहे है जहां पर युवा पूर्णरूप से स्वास्थ्य रहने की सोच के चलते कसरत करने के लिये पहुंचते है। मगर मादक पदार्थो के सौदागरों द्वारा इन सेन्टरों पर किसी भी प्रकार से इन सेन्टरों के भागीदार बनकर यहां पर मौजूद रहने वाले युवाओं को लत का शिकार होने के लिये प्रेरित करने से नही चूक रहे है? इतना ही नही यदि कोई युवा इन द्वारा उन्हें गलत रास्ते पर चलने की बात को लेकर विरोध करता है तो उन भोरे भारे युवाओं के खिलाफ झूठे सांचे षडयंत्र रखने से भी नही चूक रहे है? इस तरह मादक पदार्थ के सौदागरों की सोच रहती है कि नगर में इस जहर की लत के शिकार होने वाले युवाओं की संख्या में इजाफा होगा तो उनका काला कारोबार तेज गति पकड़ने से नही चूक पायेगा?

## भाई ने भाई को ईंट के पत्थर से मारते हुये किया घायल

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बोदरी निवासी एक युवक द्वारा अपने भाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थी द्वारा अपने किसी साथी से पैसों के लेन देन को लेकर बात कर रहा था उसी दौरान मझला भाई भगवान दास बंशकर आया और गंदी गंदी गालिया देते हुये ईट का पत्थर मारकर चोट पहुंचाई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भगवानदास बंशकार के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## जमीन के पैसों की बात को लेकर महिला से मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिलीज जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम रहमा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जमीन के पैसों की बात को लेकर छोटू नामक व्यक्ति द्वारा उसके साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### सड़क किनारे रोपे गये सैकड़ों पौधे रख रखाव के आभाव में सूखकर हो गये बर्बाद, ट्री गार्ड बिखर कर बन रहे मात्र शोभा की सुपारी...

# सिर्फ दिखावा की जगह पेड़ बनाने के उद्देश्य से होना चाहिये पौधा रोपने के आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

लगातार हो रही पर्यावरण के साथ खिलबाड़ तथा पौधा रोपण के नाम पर नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा अपनाई जाने वाली औपचारिकता का परिणाम है कि जहां अब शुद्व हवा मिलना मुश्किल होने लगा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये चार साल पहले कोरोना काल की दूसरी लहर के दौरान सैकड़ो लोगों की जान सिर्फ आक्सीजन के आभाव में जाने से नही चूक पाई है? इस तरह यदि पर्यावरण के साथ होती रही खिलबाड़ तो निश्चित तौर से हर व्यक्ति को शुद्व वायु मिलना मुश्किल हो जावेगा। यह बात अलग है कि बीते हुये अप्रैम मई माह में जिस तरह सूरज की तपन ने जो रूप दिखा गया हे उसके चलते बनी हुई स्थिति के चलते लोगों को पेड़ लगाने को लेकर जागरूकता देखने मिली है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि पेड़ लगाने के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाने से हम पर्यावरण की रक्षा करने में कभी सफल नही हो पायेगे? अक्सर देखा जाता है कि अनेक आयोजनों के दौरान नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा पौधा रोपित करते हुये अखबारों की सुर्खिया बनने से नही चूक पाते है। मगर शायद ही किसी नेता या फिर अधिकारी द्वारा रोपियत किये गये पौधा की वापिस खबर लेने का प्रयास किया गया कि आखिरकार उनके द्वारा रौपा गया पौधा सुरक्षित बचा भी है कि नही..? यदि प्रकृति को हरियाली की चुनरी पहनाने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये पांच वर्षो के दौरान जहां हर पंचायत द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर पंचायतों में लाखों रूपया शासकीय राशि को खर्च करते हुये पौधा रोपित किये गये थें। मगर उस पौधा रोपण की जांच कराई जावे तो शायद ही किसी पंचायत में मुश्किल से पांच प्रतिशत पौधा सुरक्षित मिल पायेगे? इसी प्रकार का हाल अन्य शासकीय कार्यालयों से लेकर संस्थाओं का देखने मिलता है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि प्रदेश की सरकार से लेकर शासकीय अधिकारियों द्वारा लगातार पौधा







रोपण पर बल देते हुये बारिश का सीजन आने पर इस मुहिम को जोर शोर से चालू किया जाता है। मगर यह मुहिम मात्र रोपित करने तक ही सीमित होने के कारण आज तक प्रकृति हरियाली की चुनरी नही ओड पाई है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये तीन साल पहले जहां नगर में कुछ समाजसेवियों द्वारा शहर की सड़क किनारे लगभग 15 हजार पौधा रोपने की योजना बनाने के लिये एक बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें अनेक समाज सेवी व नेतागण मौजूद रहे थें। वही दूसरी ओर जिला स्तर पर भी संपूर्ण जिले में हजारों पेड़ लगाने की तैयारी की गई थी। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी की जा रही तैयारियों से यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि बारिश का सीजन शुरू होते ही निश्चित तौर से जहां तहां नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा पौधा रोपण तो किया जावेगा। मगर उस समय भी यह सबाल यह पैदा हो रहा था कि उन पौधों को रोपने के बाद उनको सुरक्षित पेड़ बनाने तक की जिम्मेदारी ली जावेगी कि नही..? मगर उस बैठक के बाद वह पौधे कहा रोपे गये तीन साल से अधिक का समय बीते जाने के बाद आज तक किसी को कोई पता नही चल पाया है...? वही पौधा रोपने के बाद उन्हें नजर अंदाज करने की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये दो वर्षो से देखने मिल रहा है कि नगर के रेल्वे स्टेशन से लेकर चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर जहां हजारों की संख्या मे पौधा रोपण करते हुये जहां उन्हें सुन्दर ट्री गार्ड से सजाया तो गया था। मगर उनका उचित रख रखाब नही होने के कारण ट्री गार्डो के अंदर रोपित किये गये पौधा जहां सूख जाने के बाद गायब नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर जिस जगह हरियाते हुये पौधा होना चाहिये थें उनके स्थान पर राजश्री गुटखा के पाऊच या फिर अन्य प्रकार की कचरा दिखाई देने से यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि कही ऐसा तो नही कि यह ट्री गार्ड इस तरह कचरे की सुरक्षा के लिये स्थापित किये गये हो? इस तरह बीते हुये दो वर्षो से गाडरवारा से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर किये गये पौधा रोपण की सच्चाई का हाल इस प्रकार से देखा जा रहा है कि जहां रख रखाव व पानी नही मिल पाने के कारण ट्री गार्डो के अंदर लगे हुये सैकड़ो पौधा सूख चुके है और यह ट्री गार्ड जहां सड़को पर बिखर जाने के कारण यातायात व्यवस्था में खतरा बनने से नही चूक रहे है? इस तरह से मात्र दिखावे के लिये किये जाने वाला पौधा रोपण से पर्यावरण की सुरक्षा हो पाना जहां असंभव ही माना जा सकता है? यदि पर्यावरण की रक्षा को लेकर पौधा रोपण की मुहिम शुरू करनी है तो हर नेता से लेकर अधिकारी व आम जनता को पौधा रोपित करने से अधिक महत्वपूर्ण बात उसकी सुरक्षा की होती है, जब तक रोपित किये गये पौधा की सुरक्षा नही होगी तो वह मात्र रोपित तक ही सीमित होकर रहने से नही चूक पाता है। क्योंकि पर्यावरण की सुरक्षा रोपित किया गया पौधा नही कर सकता है उसे पेड़ की जरूरत होती है और रोपा गया पौधा पेड़ बनकर तैयार हो जावेगा तभी वह हमे आक्सीजन या फिर फल देने में सक्षम होगा। इस समय जिस प्रकार से प्रशासन के अधिकारियों से लेकर समाजसेवियों द्वारा आने वाले बारिश के दिनों में बड़े स्तर से पौधा रोपण की तैयारी की जा रही है बहुत अच्छी बात है। मगर नये पौधा रोपने के जगह यदि हमारे द्वारा जहां तहां सूखते हुये पेड़ो की सुरक्षा करने में सफलता पा ली जावे तो यह एक अच्छी पहल मानी जा सकती है।

## कल मनाई जाएगी ईद, व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन द्वारा आयोजित की गई शांति समिति की बैठक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मुस्लिम समुदाय का ईदुज्जुहा बकरा ईद का पर्व कल 7 जून को मनाया जाएगा। मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद की जोर शोर से तैयारियां की जा रही है जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कल7 जून को सुबह 8 बजे राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सामुहिक रूप से अदा की जाएगी इसके साथ ही सुबह 8,15 बजे छोटी मस्जिद व सुबह 8,30 बजे जामा मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। इस प्रकार बकरा ईद की नमाज के उपरांत बकरे की कुर्बानिया होगी । स्थानीय प्रशासन द्वारा ईद के पर्व को लेकर व्यवस्थाएं की जा रही है । नमाज के दौरान ईदगाह जाने वाले मार्ग पर बड़े वाहनों को प्रतिबंधित किया जाएगा । नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा सफाई शाखा के कर्मचारियो को ईदगाह, कब्रिस्तान, मस्जिदों के पास व दरगाहों के पास बेहतर साफ सफाई के निर्देश जारी किए हैं। वही नगर में शांति सद्भाव के साथ ईद का पर्व मनाया जाएगा । इस तरह कल बनाई जाने वाली ईद की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन द्वारा नगर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि तहसीलदार प्रियंका नेताम के आलवा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, समाज सेवी व भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा, रविशेखर जायवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा, पार्षद सुरेन्द्र





गुर्जर, पटैल जमाड़ा सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में आयोजित की गई इस शांति समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस तरह कल 7 जून को ईदुज्जुहा त्यौहार शांतिपूर्वक त्यौहार मनाये जाने के लिये सुझाव मांगे और उन सुझाव को पूरा करने के संबंध में चर्चा की गई। इस तरह आयोजित की गई बैठक में समिति सदस्यों ने आश्वस्त करते हुए कहा कि 7 जून को ईद का त्यौहार शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। त्यौहार हमारी एकता के प्रतीक है। यह समाज को जोड़ने का माध्यम हैं, इसे सभी मिलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएंगे। समिति सदस्यों से चर्चा करते हुये संबंधित अधिकारियों को ईदगाह स्थल पर पानी, बिजली, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों द्वारा समिति सदस्यों से आग्रह किया कि युवा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफ़वाह ना फैलाएं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स की भी मॉनिटरिंग की जाएगी। नगर की परम्परा रही है कि सभी त्यौहार शांति के साथ मनाये जाते है। इसी प्रकार से आगे भी सभी त्यौहार सामाजिक सद्भाव, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाये जायेंगें। त्यौहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सभी धर्मों एवं समाज के लोगों का योगदान रहेगा। नमाज के बाद यातायात नियमों का पालन करें। ईदगाह के पास वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही ईदगाह तक पहुंचने के मार्ग भी ठीक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

## मुख्यमंत्री के नगर आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन, रोड़ शो को लेकर कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक ने पैदल भ्रमण कर मार्ग का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

नगर में प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर 9 जून प्रस्तावित की गई है। इस तरह गाडरवारा में पहलीवार आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को लेकर जहां प्रशासन का अमला तैयारियों में जुटा हुआ देखा जा रहा है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री द्वारा रोड शो करते हुये आमजन से मुलाकात करेगे वही दूसरी ओर नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर सभा को संबोधित करने की बात कही जा रही है..? चर्चाओं के अनुसार मिली जानकारी को लेकर बताया जाता है कि प्रदेश के मुखिया द्वारा नगर की पुराना गल्ला मंडी से रोड शो करते हुये सराफा बाजार से निकलते हुये झंडाचौक से होते हुये चावडी मार्ग से निकलकर पानी टंकी मार्ग से कालेज मैदान पहुंचेगे। इस तरह मुख्यमंत्री के रोड शो मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर जहां पूरे दिन बिजली विभाग का अमला बिजली लाईनों के झूलते हुये तारों को ठीक करने में लगा हुआ दिखाई पड़ा तो दूसरी ओर जिला कलेक्टर सहित पुलिस







अधीक्षक द्वारा भी नगर में डेरा डालते हुये स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर रोड शो मार्ग का पैदल भ्रमण करते हुये जायजा लेते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। वही दूसरी ओर आयोजन स्थल पुराने कालेज मैदान पर भी जरूरी व्यवस्थाये बनाने के लिये अधिकारियों द्वारा दिन भर पसीना बहाते हुये देखा गया। इस प्रकार से प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रथम नगर आगमन की तैयारियों में संपूर्ण प्रशासन की टीम जुटी हुई देखी जा रही है तो दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ताओं को भी अपने अपने स्तर पर कार्य में जुटे हुआ देखा जा रहा है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समिति में शामिल किया गया नगर के साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव को

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा



साहित्य की दुनिया में नगर का नाम रोशन करने वाले कुशलेन्द्र श्रीवास्तव को जिस तरह राज्य स्तरीय समिति में स्थान दिया गया है वही निश्चित ही नगर के लिये गौरव की बात है। बताया जाता है कि जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान हेतु राज्य स्तर पर गठित की गई समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव को शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की अनुशंसा पर नामित किया गया है। साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहने के साथ ही साथ साहित्य के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बना चुके हैं। इनके द्वारा 52 कृतियां उनकी प्रकाशित हो चुकी है और लेखन निरंतर जारी है । सम्पूर्ण देश के विभिन्न राज्यों की अनेक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा उन्हें अस्सी से अधिक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान हेतु अच्छे शिक्षक के चयन हेतु बनाई समिति में उनको नामित किया जाने से शुभचिंतकों में हर्ष देखने मिल रहा है।

## इस पुण्य कार्य से और बड़ा दूसरा कार्य नहीं हो सकता है





**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** इस समय पढ़ रही तेज तूप के चलते जहां सड़कों पर चलने वाले लोगों के शरीर पसीने से तरबतर होते हुए देखे जा रहे है। जहां चंद कदम चलने के बाद ही पानी पीने के लिए तरसने लगते है तो फिर इस स्थिति में उन मूक पशुओं का क्या हाल होता होगा जिन्हे पानी पीने के लिए यहां वहां भटकने के लिए मजबूर देखा जाता है? क्योंकि मनुष्य को तो भगवान ने बुद्दि देने के साथ साथ इस प्रकार के अंग प्रदान किये गये है कि वह प्यास लगने पर पानी की व्यवस्था कर सकता है। मगर नगर की सड़कों पर घूमने वाले मूक पशु व पक्षी तो प्यास लगने पर न तो बोल सकते है और न ही जल स्त्रोतों से पानी निकालकर पी सकते है? मगर उन मूक प्राणियों की स्थिति को देखकर उन्हें पानी व्यवस्था कराने की सोच शायद की कुछ लोगों में देखने मिलती होगी? मगर कहा जाता है कि मूक प्राणियों की भावना को समझने वाले लोग भी होते है जो पशुओं से सिर्फ प्रेम ही नही करते है बल्कि उनकी दशा देखते हुए इस बात को भी समझ जाते है कि आखिर में वह क्या चाह रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सांईखेड़ा निवासी युवा पत्रकार दीपक अग्रवाल में देखने मिल रही है जो इस समय पड़ी रही भीषण गर्मी के दौरान नगर की सड़कों पर प्यासे घूमने वाले पशुओं से लेकर पक्षियों को पानी पिलाने का कार्य भी कर रहे है। क्योंकि जब उन्हें किसी हेण्ड पंप के पास खड़ा हुआ मूक पशु दिखाई पड़ता है तो उसकी मनोकामना को समझते हुए नल चलाना शुरू देते है जिसके चलते पशु ठंडा पानी ग्रहण करते हुए आगे की ओर बढ़ जाता है, वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां पेड़ो की छोटे छोटे डिब्बे लगाते हुये उनमें ठंडा पानी भरते हुये पक्षियों को पानी पिलाने की सेवा में जुडे हुये देखे जा रहे है। इस सच्चाई को देखते हुए लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि मानव जीवन में इससे बड़ा पुण्य का कार्य शायद ही दूसरा कोई हो सकता है।

## क्षेत्र में खुलेआम दौड़ रहे ओवर लोडिंग वाहन, पुलिस की कार्यवाही मात्र दो पाहिया वाहनों तक ही सीमिति क्यो?

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

**इस समय क्षेत्र की पुलिस द्वारा आये दिन दो पाहिया वाहनों के खिालफ अपनी मुहिम चलाते हुए जहां चालानी कार्यवाही करते हुये देखा जाता है। मगर पुलिस की इस मुहिम मात्र छोटे दो पाहिया वाहनों तक ही सीमित रहने के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है।**

जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस स्थिति में सड़कों पर आटों सहित अन्य वाहनों में ओवर लोड़गि हो रही है उसे पुलिस द्वारा नजर अदांज किया जाना पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करते हुए जान पड़ रही है? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय पुलिस द्वारा इस तरह वाहन मालिकों की मनमानी को नजर अंदाज किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि



इस समय क्षेत्र के सड़कों पर दौड़ रहे अनेक यात्री वाहनों में ओवर लोडिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जावे तो आटों से लेकर मैजिक गाड़ियों में इस स्थिति में ओवर लोडिंग चल रही है जिसके चलते यात्रियों की जान पूर्ण रूप से खतरे में नजर आ रही है तो दूसरी यातायात नियमों की धज्जियाँ उड़ते हुये देखी जा रही है? इस प्रकार से ओवर लोडिंग के चलते ग्रामीण जन इन वाहनों में अपनी जान को हथेली पर रखकर यात्रा करते हुए देखे जाते है। इस प्रकार से सड़कों पर दौड़ रहे जर्जर व ओवर लोडिंग यात्री वाहन मौत के ताबूत बने हुए हैं। मगर इसके बाद भी यातायात विभाग, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग कोई कार्यवाही करने के लिए तैयार नजर नही आ रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में इन दिनों यात्रियों को बड़ी बसों की कमी की वजह से लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वहीं वाहनों की कमी भी बड़ी समस्या बनी हुई है। इस कारण से सैंकड़ों ग्रामीण रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर आना-जाना करते हैं। यह बात अलग है कि वर्तमान सूर्य की तेज तपन के दौरान लोगों की आवाजाही कम देखने मिल रही है। मगर इसके बाद भी जो वाहन सड़कों पर दौड़ रहे है उनमें खुलेआम यातायात नियमों की अनदेखी होना आम बात बनी हुई है? यदि विगत वर्षो की घटनाओं पर गौर किया जावे तो इस प्रकार की स्थिति में अनेक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद भी उन पर अंकुश लगाते हुए नही देखा जा रहा है जिसके चलते वाहन चालकों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। इस प्रकार से पुलिस की चालानी कार्यवाही बाइकों तक सीमित होना पुलिस की कार्य प्रणाली को संदेह के घेरे में खड़ा करते हुए जान पड़ रही है।

## तपती दोपहर में कचरा घरों पर भटकर रहे बच्चे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय पड़ रही भीषण उमस भरी गर्मी व बदली के बीच से निकल रही सूर्य देव की तेज तपन के चलते जहां लोग अपने घरों से निकलने में डर रहे है, वही दूसरी ओर नगर की गलियों में अपने पेट की खातिर घूमने वाले बच्चों को देखते हुए शासन की योजनाओं पर सबाल खड़े होना आम बात जान पड़ रही है? गौर किया जावे तो जहां म प्र.सरकार ने विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का संचालन जरूर किया है पर अभी भी चल रहा भीषण महँगाई के दौर में गरीब परिवार की महिलाओं, बच्चो को कचरा घरो पर पन्नी, लोहे के टुकडे बीन कर अपना पेट भरने मजबूर होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों तपती दोपहर में गरीब परिवार के सैकड़ो बच्चे गलियो में कबाड़ बीनते दिखायी पड़ रहे है। मगर यह बडे ही विडम्बना की बात है कि ये गरीब बच्चे कबाड़ बीनने का काम उस समय कर रहे है जब शहर में स्कूल चले हम अभियान की शुरूआत हो चुकी है जिसके चलते शहरवासियों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियो से अपेक्षा व्यक्त की है वे गरीबो के घरों में उन बच्चो का सर्वे कराये, जो शिक्षा से वंचित रहकर मजबूरी वश कबाड बीन रहे है।

## खबर संक्षेप

### पर्यावरण दिवस पर पृथ्वी सेना ने किया पीपल और बरगद का वृक्षारोपण



**डिंडोरी।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्पृथ्वी सेनाश ने पीपल और बरगद के पौधे रोपित किए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गएए ताकि वे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। पृथ्वी सेना के सदस्यों ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से हर रविवार को नियमित रूप से वृक्षारोपण कर रहे हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ हरियाली बढ़ाना नहींए बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण तैयार करना भी है। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को समर्थन दिया।पृथ्वी सेना का यह प्रयास समाज को प्रकृति से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।

### कलेक्टर ने किया जिला पंचायत डिंडौरी का औचक निरीक्षण ई.ऑफिस प्रणाली लागू करने के दिए निर्देश



**डिंडौरी।** जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने गुरुवार को जिला पंचायत डिंडौरी का औचक निरीक्षण कर स्थापना शाखा में लंबित फाइलों और कार्यालयीन व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवक.जावक रजिस्टर सहित विभिन्न फाइलों की तिथियों की गहराई से जांच की। कई फाइलें बिना किसी कार्यवाही के लंबे समय से लंबित पाई गईंए जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित शाखा प्रभारी से जवाब.तलब किया।कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुकंपा नियुक्तिए जनपद सीईओ के वेतन वृद्धिए समयमान वेतनमान जैसे जनसुनवाई से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ फाइलों में अनियमितताएं भी उजागर हुईंए जिन पर स्पष्टीकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत होने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सख्त हिदायत दी कि कार्यालय की समस्त कार्यवाहियां अब ई.ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत ही की जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में मैनुअल प्रक्रिया का उपयोग किया गया तो संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई.ऑफिस व्यवस्था से पारदर्शिताए कार्य की गति और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होता है।इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्तेए अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला और डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक भी उपस्थित रहे।

### नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जनजागरण यात्रा का भव्य आयोजन, ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषदए जिला डिंडौरी द्वारा 25 मई से 5 जून 2025 तक संचालित नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जनजागरण यात्रा का समापन विकासखंड मेहंदवानी के ग्राम पंचायत कलगी टोला से भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस यात्रा ने ग्रामीण जनमानस में जल संरक्षणए नर्मदा स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा और मां नर्मदा की पूजा से हुआए जिसके पश्चात नर्मदा उमर घाट तक लगभग एक किलोमीटर लंबी शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजनए छात्र.छात्राएंए नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि एवं समिति सदस्यों ने भाग लिया। नर्मदा तट पर स्वच्छता श्रमदान कर यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहानए विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वेए राजाराम धुर्वेए सुमेरीलाल यादवए जागेश्वर मरावीए देवेश धनंजयए निर्मल मरकामए दीपेन्द्र साहूए कन्हैया कुलस्ते समेत अनेक मेंटर्सए पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# 2321 खेत तालाबों से किसानों को मिलेगा लाभ

**हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।**



जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में प्रभावी पहल करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष डिंडौरी में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्तेए सीईओ अनिल कुमार राठौरए मनरेगा परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित सभी जनपदों के सीईओए सहायक यंत्रीए उपयंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले को 2171 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य दिया गया थाए जिसके विरुद्ध 2321 कार्य स्वीकृत किए गए हैं और इनमें से 2200 तालाबों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन जल संरचनाओं से विशेष रूप से लघु एवं सीमांत किसान लाभांवित होंगे। जल स्तर बढ़ने से न केवल सिंचाई की सुविधा सुलभ होगी बल्कि आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय.सीमा में और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। साथ हीए मजदूरी और सामग्री का मूल्यांकन नियमित रूप से करते हुए एफटीओ जारी करने की प्रक्रिया भी समय पर पूर्ण की जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में 1500 कूपों में रिचार्ज संरचना निर्माण का लक्ष्य थाए परंतु अब तक 1570 कूपों में कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी कूपों में गुणवत्तापूर्ण रिचार्ज संरचना का निर्माण पूर्ण कर एफटीओ की प्रक्रिया भी निपटाई जाए।इसके अतिरिक्त जिले में 13 अमृत सरोवर और 187 सार्वजनिक तालाबों का निर्माण कार्य भी जारी है। कलेक्टर ने बंड निर्माणए पिचिंग और वेस्ट वेयर जैसे कार्यों को प्राथमिकता पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि समय.समय पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### भौतिक निरीक्षण को प्राथमिकता

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। सहायक यंत्री एवं उपयंत्री प्राक्कलन के अनुसार कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों को कार्यों की अद्यतन जानकारी दी जाएए ताकि वे स्थलीय भ्रमण के दौरान कार्यों का अवलोकन कर सकें और आवश्यक सुझाव दे सकें। यह अभियान जिले में जल संसाधनों के संरक्षण के साथ.साथ ग्रामीण विकास और किसान कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।




## मलेरिया रोधक माह की तैयारियों को लेकर बजाग में समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर

**डिंडोरी, न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में मलेरिया रोधक माह ;जूनद्ध की तैयारियों और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन ने की। इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉण विपिन सिंहए बीपीएमए बीसीएमए बीईईए सभी सेक्टर मेडिकल अधिकारीए सुपरवाइजरए एमपीडब्ल्यूए सीएचओ एवं फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे।

बैठक में जून माह को मलेरिया रोधक माह के रूप में प्रभावी ढंग से मनाने हेतु जनजागरूकता अभियानए सर्वेक्षण कार्य तथा कीटनाशक छिड़काव जैसे गतिविधियों की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालयों और छात्रावासों में नियमित मासिक स्वास्थ्य परीक्षण कर बच्चों में सिकल सेलए एनीमिया व अन्य रोगों की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्थाए विद्युत आपूर्तिए ।छब्ध्च्छब सेवाओंए दवा उपलब्धताए आयुष्मान कार्ड निर्माण और सिकल सेल स्क्रीनिंग जैसी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई।बैठक के उपरांत एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन ने सीएचसी बजाग में हाल ही में स्थापित नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन ;न्ैळद्ध का निरीक्षण किया और इसके संचालन को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने मशीन की उपयोगिता और इससे जुड़ी सुविधाओं को जल्द आमजन के लिए उपलब्ध कराने पर बल दिया।श्री देवांगन ने स्वास्थ्य विभाग के फील्ड स्टाफ के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि समूहिक प्रयासों से ही जनस्वास्थ्य में सुधार संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पूरी प्रतिबद्धता और सजगता के साथ कार्य करेंए जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकें।

## डिण्डौरी पुलिस ने विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया वृक्षारोपण अभियान, बस ऑपरेटरों को भी किया प्रेरित

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉण अमित वर्मा ने दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**डिण्डौरी।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर थाना परिसर यातायात एवं थाना कोतवाली डिण्डौरी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी डॉण अमित वर्मा ने की। उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिसद्ध श्रीमती मेहंती मरावीए थाना प्रभारी यातायात सुभाष उईकेए थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरेए सूबेदार अभिनव रायए सूबेदार कुंवर सिंह समेत यातायात व कोतवाली स्टाफ ने परिसर में फलदार पौधे रोपे।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें डिण्डौरी जिले के लगभग 50 ऑटो और बस ऑपरेटर भी सम्मिलित हुए। उन्हें पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनाते हुए डॉण अमित वर्मा ने फलदार एवं फूलदार पौधे भेंट किए और उन्हें अपने.अपने घरों में लगाने का आग्रह किया।डॉण वर्मा ने उपस्थित जनों को वृक्षों की पर्यावरण में भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायी ऑक्सीजन प्रदान करते हैंए बल्कि जल संरक्षणए तापमान नियंत्रण और जैव विविधता के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी को वृक्षारोपण के साथ.साथ उनकी देखरेख और संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियोंए कर्मचारियों और नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति का योगदान पृथ्वी को हरा.भरा और सुरक्षित बना सकता है।ज्ञात हो कि 5 जून को प्रतिवर्ष ष्विश्व पर्यावरण दिवसष मनाया जाता हैए जिसका उद्देश्य नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और उत्तरदायी बनाना है। इस दिन देशभर में वृक्षारोपणए सफाई अभियानए रैलियां और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। डिण्डौरी पुलिस का यह प्रयास निश्चित ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## डिण्डौरी में पहली बार जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा का आयोजन

### 3 जुलाई को निकलेगी शोभायात्रा, समापन पर होगा महाभंडारा

**हरिभूमि न्यूज, डिंडौरी।**



माँ नर्मदा की पावन धरा डिण्डौरी में पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। यह ऐतिहासिक आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ ;इस्कॉनद्ध के उज्जैन केंद्र की प्रेरणा से सम्पन्न होगाए जो कि इस वर्ष मध्यप्रदेश के 34 स्थानों पर रथयात्राएं निकाल रहा है। डिण्डौरी में आयोजित इस रथयात्रा का नेतृत्व इस्कॉन उज्जैन के अध्यक्ष एवं दीक्षा गुरु प्रेम स्वामी महाराज करेंगे।

### तीन किलोमीटर की होगी रथयात्रा

यह दिव्य रथयात्रा 3 जुलाई 2025 को दोपहर 1 बजे कंपनी चौकए पुरानी डिण्डौरी से प्रारंभ होकर पीएम श्री शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय तक पहुँचेगी। समापन के पश्चात शाम 7 बजे महाप्रसादी भंडारा आयोजित किया जाएगाए जिसमें श्रद्धालुओं को भगवान श्रीजगन्नाथ का महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

### विशेष रूप से निर्मित 15 फीट ऊँचा रथ पहुंचेगा उज्जैन से

इस रथयात्रा के लिए 15 फीट ऊँचा विशेष रथए जिसमें 10 फीट ऊँचा समायोज्य गुंबद हैए उज्जैन से तैयार कर डिण्डौरी लाया जाएगा। मार्ग में 20 से अधिक स्थानों पर भगवान श्रीजगन्नाथ की आरतीए छप्पन भोगए पुष्पमालाएं और रंगोली से भव्य स्वागत किया जाएगा।

### आदिवासी सांस्कृतिक दल और हरिनाम संकीर्तन बनेगा आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में स्थानीय आदिवासी सांस्कृतिक दल पारंपरिक नृत्य और कीर्तन के माध्यम से भक्ति का रंग बिखेरेंगे। इसके साथ ही उज्जैन से आई 50 भक्तों की टोली पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन करती हुई वातावरण को भक्तिमय बनाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वन परिक्षेत्र कार्यालय अमरपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित




**अमरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल बघेल के निर्देशन में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी किशन सिंह धुर्वे द्वारा वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र ठाकुर की मौजूदगी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपने विचार रखे हुए महेंद्र ठाकुर ने कहा कि हर साल 5 जून के दिन दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इसका उद्देश्य लोगों में पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना हैं प्रकृति के बिना मानव जीवन संभव नहीं हैं। ऐसे में यह जरूरी हैं कि हम पेड़.पौधेए जंगलोंए नदियोंए झीलोंए भूमि एवं पहाड़ों और सबके महत्व को समझे इस दिवस को मनाने का फैसला 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद लिया गया था। इसके बाद 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया हैं। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी किशन सिंह धुर्वे ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती हैं इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को मुक्त करना हैं। विश्व पर्यावरण दिवस हमें अपनी पृथ्वी और पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियां को याद दिलाता हैं। यह एक दिन उत्सव नहीं हैं बल्कि यह एक प्रतिज्ञा हैं कि हम अपने घर को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखें इसके लिए लगातार प्रयास करते रहे। आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थितजनों द्वारा फलदारए औषधीय एवं छायादार पेड़ों का रोपण किया गया। अंत में सभी को पौधों के संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई।




## विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा पहुंची सारसडोली

**हरिभूमि न्यूज मेहदवानी।** विकासखंड मेहदंबानी के अंतर्गत ग्राम सारस डोली में यात्रा पहुंचकर किसानों को कृषि से संबंधित विशेषज्ञों के द्वारा कृषि से संबंधित जानकारी दी गई ।जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर श्वेता मसराम जी, कीटों से संबंधित और बीज उपचार से संबंधित किसानों को जानकारी उपलब्ध कराई गई मृदा से संबंधित जानकारी श्री सी,आर,अहिरवार जी एवं कृषि विभाग से संबंधित आयुष करहे , प्रवीण राजपूत बीज से संबंधित उद्यान की विभाग से श्री विवेक मिश्रा सर जी,पशु विभाग से श्री सी,ऐस, मरकाम सर जी, मत्स्य विभाग से सिरसाम सर और फसल बीमा से खूबचंद साहू एवं सिंजेंटा फाउंडेशन से समस्त विभाग के कर्मचारी अपने अपने विभाग से योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच बलराम बनवासी रामस्वरूप साहू मंडल महामंत्री अनूप सिंह मरावी सचिव , रोजगार सहायक गया प्रसाद धुर्वे एवं राम प्रमोद साहू ,दुर्गेश साहू ,रामस्वरूप साहू दुर्गा साहू, एवं समस्त कृषक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे

## मेंहदवानी क्षेत्र में रोजाना घंटों रहती है बिजली गुल, सैंकडों गांव प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**

जनपद क्षेत्र मेंहदवानी में विगत कई महीनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। यहां सप्ताह में 5-6 दिन अचानक घंटों बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाती है जिसके चलते सैंकडों गांव प्रभावित हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति ठप्प होने से नल-जल योजनाएं प्रभावित हो जाती है लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं होता। वहीं भीषण गर्मी में विद्युत संकट से लोगों के हाल बेहाल हैं। बिजली गुल होने से सभी सरकारी कार्य भी प्रभावित होते हैं जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डिजिटल युग के चलते सभी कार्य ऑनलाइन होने लगे हैं जो नेटवर्क पर निर्भर है और नेटवर्क बिजली आपूर्ति ठप्प होने से वह भी चला जाता है जिससे आमजन परेशान और हताश हैं। बिजली आपूर्ति ठप्प होने से चक्कियों में भारी भीड़ हो जाती है लोगों को दलाई पिसाई कराने रतजगा तक करना पड़ता है। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, बच्चों को एडमिशन लेने, बैंक में दस्तावेज जमा करने के लिए फोटोकॉपी दुकान में लोगों को भटकते देखना आम बात हो गई है। चाहे जब ठप्प हो जाती है बिजली आपूर्ति विद्युत विभाग द्वारा मेंटनेंस के नाम पर कई बार बिजली आपूर्ति बाधित किया जाता है परन्तु लोगों के समझ से परे है कि आखिर मेंटनेंस के बाद भी अचानक बिजली चली जाती है और कई घंटों के बाद बमुश्किल बिजली आपूर्ति बहाल किया जाता है परन्तु गारंटी नहीं रहती कि बिजली कितने घंटे बहाल रहेगी।विक्रमपुर कोहका 132 केवी लाइन पर होता है फाल्ट जानकारी के अनुसार विक्रमपुर शहपुरा तथा मेंहदवानी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति विक्रमपुर कोहका 132 केवी लाइन से किया जाता है परन्तु विक्रमपुर से कोहका की दूरी अधिक होने के कारण बार बार लाइन फाल्ट हो जाता है। विद्युत लाइन लम्बी होने के कारण फाल्ट ढूंढने में ही घंटों लग जाते हैं फाल्ट मिलने के बाद सुधार करते रात्रि में 10 से 11 बज जाते हैं तब कहीं जाकर विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाती है इसके बाद भी गारंटी नहीं होती कि बिजली कब तक रहेगी।जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से सबसे ज्यादा परेशानी विद्युत विभाग के कर्मचारियों हो रहा है क्योंकि विक्रमपुर से कोहका तक दूरी अधिक है और 132 केवी लाइन बिछे वर्षों बीत चुके हैं जहां एक और सब स्टेशन सहित नए सिरे से लाइन बिछाए जाने की ज़रूरत है।



## खबर संक्षेप

### अब्दुल गफ्फार को दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अभियोजन संचालनालय में लेखा एवं स्थापना शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन अब्दुल गफ्फार खान का स्थानांतरण जिला अभियोजन संचालनालय जबलपुर हो गया है। उनके स्थानांतरण पर अभियोजन संचालनालय परिवार नरसिंहपुर द्वारा अब्दुल गफ्फार खान को विदाई दी गई उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ उनका माल्यार्पण से स्वागत किया। उक्त मौके पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामकुमार पटेल, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री मनु श्रीवास, सहायक ग्रेड 2 आदि उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय में होगा ड्रा सिस्टम

**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** सांदीपनि विद्यालय में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2025-26 की प्रारंभ हो रही है। जिसके फॉर्म वितरित होंगे। वहीं नवमी में अंग्रेजी माध्यम एवं हिंदी माध्यम में टोटल 55 सीटें रिक्त हैं। वहीं 11वीं गणित संकाय में 30 बायो संकाय में 30, कला संकाय में 30 सीटें रिक्त हैं। वहीं प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने बताया कि सीट से अतिरिक्त फार्म जमा होने की स्थिति में ड्रा सिस्टम से प्रवेश प्रक्रिया 18 जून को संपन्न होगी।





### कलेक्टर व पूर्व राज्यमंत्री ने किया पौधरोपण

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न स्थानों में रोपे गए पौधे

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने झिरना रोड स्थित डब्ल्यूटीपी प्लांट में पौधरोपण किया। उन्होंने यहां वटवृक्ष, आम आदि के पौधे रोपे। यह पौधरोपण स्व सहायता समूह व महिला एकता स्वसहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से किया गया। इस दौरान यहां लगभग 20 पौधे रोपे गये। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। वही कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कलेक्ट्रेट परिसर में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने यहां कटहल का पौधा रोपा। इस दौरान कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाये रखने के लिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा और अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय स्कूलों, स्वैच्छिक संगठनों व आम नागरिकों ने पौधरोपण किया।

### जगह जगह हुआ पोधारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले विभिन्न



स्थानों पर पोधारोपण किया गया। जिसमें नगर की विभिन्न संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों द्वारा वृक्षारोण किया गया। ग्राम तूमड़ा, मैनावारी व बरमान में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान और पर्यावरण संरक्षण के लिए संगोष्ठी आयोजित की गई। इसी क्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था तूमडा द्वारा झिकोली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के आयुष विभाग के हर्बल वाटिका में पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह ने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण एवं पर्यावरण के महत्व पर जानकारी दी। वृक्ष ही हमारा जीवन है। वर्तमान समय में घटते



पेडों में प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। हम इस असंतुलन को दूर करने के लिए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण का संकल्प दिया गया।

### निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में पौधारोपण, जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांदीपनि एसडीएम शासकीय कउमा विद्यालय नरसिंहपुर के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस



पर पर्यावरण संरक्षण के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गई। विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा एवं शाला परिवार ने पर्यावरण को स्वच्छ और धरती को हराभरा रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। पौधरोपण के पूर्व पौधे की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात फलदार एवं छायादार पौधों को रोपित किया गया। इसके अलावा जिले के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी में प्राचार्य फूलसिंह मेहरा एवं शाला परिवार द्वारा एक पेड़ मां के नाम के पौधे का रोपण किया गया।

### विगड़ता संतुलन भविष्य के लिये चिंतनीय

जन शिक्षण संस्थान एवं सुरार्चित कैरियर अकादमी द्वारा सुरार्चित केरियर अकादमी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुऐ योगेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि अंधाधुन्ध हो रही वृक्षों की कटाई तथा नित्यप्रति हो रही शहरी करण के फलस्वरूप हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है जो अगामी भविष्य में धरती के लिये एक गम्भीर संकट पैदा करेगा। असमय बदलता मौसम रह रह कर हमें इस बात का आभास करा रहा है कि हम समय रहते अपनी विचारधारा व आचरण में परिवर्तन करते हुये धरती की हरियाली की रक्षा हेतु एक जुट होकर प्रयास करें ताकि धरती के बढ़ते तापमान पर रोक लगाई जा सके। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक आशीष कुमार सेन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर आदमी को अपने जीवन में एक पौधा लगाना चाहिए एवं उसका अपने बच्चों जैसा पालन पोपण करना चाहिए जब तक कि वह बड़ा न हो जाए।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका की मौजूदगी में जिले में 7 जून 2025 को ईदुज्जुहा एवं 6 जुलाई 2025 को मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्वक त्योहार मनाये जाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्यों ने आश्वस्त करते हुए कहा कि 7 जून को ईद का त्यौहार शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। त्यौहार हमारी एकता के प्रतीक है। यह समाज को जोड़ने का माध्यम हैं, इसे सभी मिलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएंगे। कलेक्टर ने समिति सदस्यों से चर्चा कर सुझाव भी लिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ईदगाह स्थल पर पानी, बिजली, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि युवा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलाएं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म की भी मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी त्यौहार सामाजिक सद्भाव, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाये जायेंगें। त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सभी धर्मों एवं समाज के लोगों का योगदान रहेगा। नमाज के बाद यातायात नियमों का पालन करें। ईदगाह के पास वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही ईदगाह तक पहुंचने के मार्ग भी ठीक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा बैठक में अवगत कराया गया कि अनुविभागीय स्तर पर भी शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी, श्रीमती निशा सोनी, किशन गुप्ता, चैधरी विभाष जैन, लाल साहब जाट, इंद्रपाल सिंह, तरवर सिंह पटेल, विनय जैन, गुड्डू मालगुजार, मो. नईम खान, सहित समिति के अन्य सदस्य और जिला अधिकारी मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नियमितता, अनुशासन एवं प्रोत्साहन के मूल मंत्र पर संचालित एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत प्रतिभा प्रोत्साहन की दिशा में जिले के विभिन्न विद्यालयों मे हायर सेकेंण्डरी परीक्षा मेरिट लिस्ट मे उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्मान समारोह संकायवार आयोजित किया जा रहा है। वाणिज्य संकाय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव चॉदोरकर के मुख्य आतिथ्य, सी.ए. मनोज गुप्ता की अध्यक्षता एवं एम.आई.एम.टी. के चेयरमेन इंजी रूद्रेश तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की उपस्थिति मे किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चॉदोरकर ने सम्मानित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि देश के अच्छे नागरिक एवं



उद्यमी बनना ही शिक्षा का महत्व है। सी.ए. मनोज गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम एवं दृढ़ निष्चय से सफलता प्राप्ति का मंत्र बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चेयरमेन इंजी. तिवारी ने महाविद्यालय की विकास यात्रा के 26 सफलतम् वर्ष पूर्ण होने पर अभिभावकों विभिन्न विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं को उनके सहयोग के प्रति आभार प्रगट करते हुए छात्र-छात्राओं को देश का भविष्य निरूपित किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा मे प्रवेश लेने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पराग नेमा एवं आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् पाल मनोहर, अरविंद श्रीवास्तव, प्रमेश कौरव एवं रत्नेश नेमा अभिभावक मनोहर विश्वकर्मा, सुरेन्द्र कौरव, रामबाबू सेन, श्रीराम चक्रवर्ती, राजेन्द्र कौरव, प्रेम सिंह लोधी शिवराज यादव, अनवर कुरैशी, संतोष कुमार साहू एवं धनीराम साहू सहित महाविद्यालय से डॉ. एसएन राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी डी उमरे एवं सुश्री विजेता सिधना एवं स्टाफ मेम्बर्स तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। लक्ष्मी विश्वकर्मा,अंशिका कौरव, रितिक सेन, संचिता चक्रवर्ती, चॉदनी लोधी, सिमरन यादव, अजहर कुरैशी, शिवानी साहू तथा परी साहू को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## चोरी के आभूषण व नगदी बरामद, आरोपी गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पीड़ति राजेन्द्र छीपा निवासी पटेरिया मोहल्ला, नरसिहंपुर ने रिपोर्ट लेख करायी कि रात्रि में किसी अज्ञात चोर के व्दारा उनके घर में घुसकर सोने चाँदी के जेवर व नकदी रूपयों की चोरी की गयी है। रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 433/2025 धारा 331 (4), 305 (ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अज्ञात चोर की पतासाजी हेतु हिकमत अमली के साथ आस-पास के स्थानों से जानकारियों को एकत्रित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति गांधी चौराहे के पास में सोने-चाँदी के जेवर बेचने की बात कर रहा है जो उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त संदेही को गिरिराज स्कूल के पास से अभिरक्षा में लेकर गहना से पूछताछ की गयी जो संदेही ने अपना नाम आकाश उर्फ भूपेन्द्र पटैल पिता बिहारी लाल पटेल, उम्र 24 साल, निवासी निरंजन वार्ड, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर का होना बताया गया। पूछताछ पर आकाश उर्फ भूपेन्द्र पटेल के द्वारा उक्त चोरी की घटना को कारित करना तथा उक्त चोरी गये मशरूका को जमीन में गाड़कर छुपा के रखना बताया जो उक्त आरोपी की निशानदेही पर एक सोने का हार, एक चाँदी का कटडोरा, दो जोडी चांदी की पायल व नगदी 6000 रूपये जब्त किये गये एवं आरोपी गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे, प्रधान आरक्षक सचिन तिवारी, प्रधान आरक्षक शेखर सेन, आरक्षक पंकज सिंह राजपूत, आरक्षक जितेन्द्र सिहं, आरक्षक प्रहलाद माधवे, आरक्षक रोहित चन्पुरिया की मुख्य भूमिका रही है।

# 55 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे तथा एक निकाह कुबूल





**तेंदूखेड़ा।** गत दिवस जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कृषि उपज मंडी परिसर में 55 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे तथा एक निकाह भी क़ुबूल किया गया।गणेश पूजन के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा म प्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा हमारी सरकार हर वर्ग की चिंता करते हुए जनकल्याण की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसके पूर्व सभी दूल्हों की सामूहिक बारात धूमधाम से निकली गई सभी का स्वागत विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। तथा वरमाला के पश्चात सभी नवयुगलों को उनके स्थान पर पहुंच कर शुभाशीष प्रदान किया गया।सद गुरु वेद विद्या पीठ के संचालक पं चंद्रकांत चौवे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधी विधान से विवाह संपन्न कराया गया।सात पांच वचनों के माध्यम से एक दूसरे को शपथ दिलाई गई। सभी नव युगलों को उपहार एवं चेक भेंट किये गये। इस मौके पर बड़ी संख्या में दूर दूर से आये दूल्हा दुल्हन के रिश्ते दारों को भोजन पानी की भी व्यवस्था की गई थी। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण विषय यहां पर यह देखने को मिला कि जेब कतरों की भरमार बनीं रही। जनप्रतिनिधि भी इसका शिकार हुये।दूसरा जनपद पंचायत के अधिकारियों ने किसी भी पत्रकार को इस सम्मेलन में बुलाना उचित नहीं समझा। सम्मेलन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अवधेश पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ककोडिया उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर जनपद अध्यक्ष सोबरन सिंह ठाकुर राव वीरेंद्र सिंह हरिप्रताप ममार दीवान अर्जुन सिंह संतोष पटेल राजीव अग्रवाल डालचंद पटेल शिवदयाल खेरोनिया पुरुषोत्तम पटेल महीष मोदी के साथ साथ मंडलों के अध्यक्ष नगर परिषद के पार्षदगण के साथ साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पंचायतों के सचिव रोजगार सहायक सचिव प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# गायत्री जयंती पर हुई सामूहिक साधना एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस गायत्री जयंती के पावन अवसर पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में गायत्री परिजनों द्वारा विविध आयोजन किये।इस मौके पर काचरकोना कढेली इमलिया टेकापार विजोरा सहित विभिन्न ग्रामों में जगह जगह सामूहिक साधनाएं की गई। वहीं तेंदूखेड़ा के वरिष्ठ परिजन घनश्याम उपाध्याय के निवास पर सवा लाख गायत्री मंत्र अनुष्ठान का समापन गायत्री महायज्ञ से संपन्न हुआ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# पर्यावरण दिवस पर जगह जगह हुआ पौधरोपण



### विधायक ने कृषि उपज मंडी परिसर में पौधरोपण कर दिया संरक्षण का संदेश

**तेंदूखेड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह पौधारोपण के साथ पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण का संदेश दिया गया।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित सभी क्षेत्रीय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में फल दार पौधों का रोपण करते हुए उनके संरक्षण का संदेश दिया। तथा जीवन दायिनी मां नर्मदा के तटों को हरा भरा बनाने साफ सफाई रखने की बात कही गई। इसके पूर्व मंडी सचिव ने पुष्पाहारों से स्वागत अभिनंदन किया।

### नर्मदा ईको क्लब ने किया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नर्मदा ईको क्लब द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमझिरा में पौधरोपण किया गया।इस मौके पर ईको क्लब प्रभारी राकेश पटेल प्राचार्य श्रीमती सीमा मिश्रा शिक्षक जयप्रकाश कोष्ठी अनिल जाटव सुनीता काछी अभिलाषा गौतम निकिता कोरी स्नेह लता अग्रवाल प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### डोभी विद्यालय में हुआ वृक्षारोपण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी



में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी शिक्षकों ने बड़ी संख्या में पौधरोपण करते हुए वृक्षों का संरक्षण करने का संकल्प लिया।इस मौके पर छायादार और फलदार दोनों प्रकार के पौधे लगाये गये।